# जय प्रकाश विश्वविद्यालय

राहुल सांकृत्यायन नगर, छपरा–841302, बिहार (भारत)

# JAI PRAKASH UNIVERSITY

RAHUL SANKRITYAYAN NAGAR, CHAPRA-841302, BIHAR (INDIA)

Website : www.jpv.ac.in

Letter No. 350/DSW

Dated : 09.07.2026

## नामांकन सूचना

राज्यपाल सचिवालय, पटना के द्वारा NEP-2020 आधारित स्नातकोत्तर के लिए नये आर्डिनेन्स एवं रेगुलेशन जारी किया गया है जो पत्रांक L/ORD./04/2026-1418/GS(I) दिनांक 04.07.2026 के अधिसूचना के साथ ही सभी विश्वविद्यालयों में लागू हो गयी है।

जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा क्षेत्रान्तर्गत सभी स्नातकोत्तर विभाग एवं कुछ अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित सी0बी0सी0एस0 पाठ्यक्रम अन्तर्गत **स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र (2026–28)** में नामांकन के लिए किये जा रहे ऑनलाईन प्रक्रिया अब नये दिशा निर्देश के अनुसार किये जायेंगे। आवेदन लिंक विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.jpv.ac.in पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन करने की **अंतिम तिथि** 10.07.2026 तक निर्धारित थी। **छात्रहित में इसे दिनांक 17.07.2026** तक विस्तारित किया जाता है। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने के साथ–साथ आवेदन में **त्रुटि सुधार दिनांक 16.07.2026 से 17.07.2026** तक कर सकते हैं।

राज्यपाल सचिवालय, पटना के पत्रांक L/ORD./04/2026-1418/GS(I) दिनांक 04.07.2026 के आदेश के आलोक में नामांकन के लिए निम्नांकित वरीयता क्रम होंगे :–

- प्रवेश के समय सबसे पहले मेजर (Major) विषय को वरीयता दी जाएगी। इसके बाद माइनर (Minor) विषय को वरीयता मिलेगी। अंत में संबद्ध (Allied) विषय को वरीयता दी जाएगी।
- संबद्ध (Allied) विषयों की सूची प्रवेश हेतु जारी विज्ञापन/अधिसूचना में स्पष्ट रूप से दी जाएगी, ताकि इच्छुक विद्यार्थी अपनी पात्रता का आकलन कर निर्धारित नियमों के अनुसार आवेदन कर सकें।
- 2–वर्षीय (4 सेमेस्टर) स्नातकोत्तर (PG) कार्यक्रम में प्रवेश जिन विद्यार्थियों ने तीन वर्षीय स्नातक (UG) कार्यक्रम में ऑनर्स (Hons.) या सहायक/सब्सिडियरी (Subsidiary) विषय का अध्ययन किया है, वे उसी विषय में 2–वर्षीय (4 सेमेस्टर) स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश के पात्र होंगे। हालांकि, ऑनर्स (Hons.) विषय को प्राथमिकता दी जाएगी।
- यदि प्रवेश राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (CUET) या किसी अन्य प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाता है, तो प्रवेश उसी परीक्षा की मेरिट के आधार पर होगा।

**एक–वर्षीय स्नातकोत्तर (PG) कार्यक्रम में प्रवेश की पात्रता:**

- जिन विद्यार्थियों ने चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (FYUGP) पूरा किया है, वे अपने स्नातक कार्यक्रम में पढ़े गए मेजर, माइनर या संबद्ध (Allied) विषय में एक–वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश लेने के पात्र होंगे।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

RSingh 09/07/2026

[प्रो. (डॉ.) राणा विक्रम सिंह]
अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

Eshwar
09.07.26

Scanned with OKEN Scanner